लापरवाही • साथ में नहीं रहते शिक्षक, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# साइकिल लेने के लिए वाहन के हूड पर बैठकर आए बच्चे

भास्कर न्यूज | चंदनकियारी

इन दिनों चंदनकियारी में सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच कल्याण विभाग की ओर से साइकिल का वितरण किया जा रहा है। परंतु वेंडर की ओर से नियम कानून को ताक पर रखकर दूर दराज के बच्चों को भी प्रखंड कार्यालय बुलाया जा रहा है। इस कारण संबंधित स्कूल के बच्चों को शिक्षक की ओर से वाहन में जान जोखिम में डालकर लाया जा रहा है। इससे बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। शनिवार को ऐसा ही दृश्य चंदनकियारी में देखने को मिला। शनिवार को प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवडीहा उर्दू, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेदाडीह, उमवि चिड़दा, उमवि लखिपुर, उमवि रंगामटिया के बच्चों के बीच लगभग 100 साइकिल का वितरण किया गया। बच्चे छोटा हाथी नामक वाहन के छत (हुड) पर चढ़कर आए और साइकिल लेने के बाद

वाहन के हूड पर चढ़कर साइकिल लेने जाते बच्चे।

बच्चे वाहन के छत पर ही चढ़कर वापस गए। जबकि साइकिल को पिकअप वैन में लोडकर ले जाया गया। इस दौरान वाहन में न तो कोई अभिभावक थे और न ही कोई शिक्षक। ऐसे में दुर्घटना होने पर सहयोग के लिए कोई भी मौजूद नहीं होगा। बच्चों के भविष्य की चिंता किए बिना ही जान जोखिम में डालकर प्रखंड कार्यालय लाया गया, जो चंदनकियारी में चर्चा का विषय है।

### यह गलत है

*प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पवन कुमार से बात करने पर कहा कि बच्चों को इस प्रकार से लाना गलत बात हैं। अगर कुछ अनहोनी होती है तो इसका जिम्मेवारी कौन लेगा। साथ ही कहा कि वेंडर अपना बचत करने के चक्कर में हो सकता हैं कि बच्चों को बुला लेता है। इसका विस्तृत जानकारी जिला से ही प्राप्त हो सकता है।*

### टायर में नहीं है हवा, करनी पड़ेगी मरम्मत

वितरण किए गए साइकिलों के टायर में न तो हवा थी और न ही उसके बेरिंग ठीक से काम कर रहे थे। इस कारण बच्चों को साइकिल मिलने के बाद इसकी मरम्मत करानी पड़ेगी। बच्चों ने बताया कि मिस्त्री के पास साइकिल की मरम्मत कराने के लिए 200 से 400 रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

# अधिकारियों ने काम का किया निरीक्षण

मुख्य मार्ग में आने वाली गाड़ियों के लिए बनाया डाइवर्सन

कमलापुर में डाइवर्सन का जायजा लेते एनएचएआई के पदाधिकारी।

भास्कर न्यूज | कसमार

एनएच 320 में गोला से लेकर जैनामोड़ तक बनने वाली फोरलेन सड़क निर्माण का शनिवार को एनएचएआई के इंचार्ज शैलेंद्र कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर एसपी सिंह व एनजी प्रोजेक्ट लिमिटेड के लाइजनर ऑफिसर संदीप पाल ने जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कमलापुर में बन रहे डाइवर्सन कार्य का भी जायजा लिया। एनएचएआई इंचार्ज शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पोंडा से लेकर कमलापुर की पथ में डाइवर्सन का काम पूरा हो गया है। अब पोंडा से कमलापुर मुख्य पथ में आनेवाली छोटी-बड़ी वाहनों के लिए डाइवर्सन बना दिया गया है, जिसके माध्यम से लोग आवागमन करेंगे। वहीं इस रास्ते में कमलापुर में बन रहे पुल निर्माण कार्य में भी तेजी आएगी। अधिकारियों ने सड़क निर्माण कर रही कंपनी के कर्मियों को समय पर पुल निर्माण का निर्देश दिया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि डाइवर्सन नहीं होने से सिरकीटांड़, बनगजरा व कमलापुर के ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती थी। अब डाइवर्सन बनने से ग्रामीणों की समस्या दूर होगी।

K.R. MANGALAM UNIVERSITY
(Recognized by UGC & Member of AIU)
Thanks for making us the... MOST PREFERRED UNIVERSITY
6 LAKH+ REGISTRATIONS for UG & PG Programmes as per CUET 2023 & 2024
ADVANCED PROGRAMMES
Engineering & Technology: B.Tech. CSE | B.Tech. CSE (AI & ML/ Cyber Security/ Data Science/ Full Stack Development/ UX & UI) | B.Sc. (Hons.) Computer Science/ Data Science/ Cyber Security | BCA/ BCA (Hons. with Research) (AI & Data Science) | MCA
Management and Commerce: BBA/ BBA (Hons. with Research) (HR/ Marketing/ Finance/ International Business/ Travel & Tourism/ Business Intelligence & Analytics/ Logistics & Supply Chain Management/ Entrepreneurship/ International Accounting & Finance | B.Com. (Hons.)/ B.Com. (Hons. with Research) (International Accounting & Finance) | B.Com. Programme | MBA | MBA (Digital Marketing)
Medical and Allied Sciences: B.Pharm | B.Pharm (Lateral) | D.Pharm | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | Master of Pharmacy (M.Pharm.)- Pharmaceutics/ Pharmacology
Legal Studies: BBA LL.B. (Hons.) | B.Com LL.B. (Hons.) | B.A. LL.B. (Hons.) | LL.B. (Hons.) | LL.M.
Architecture and Design: Bachelor of Architecture (B.Arch) | Bachelor of Fine Arts (BFA) | Bachelor of Design (B.Des.) (Fashion Design/ Textile Design & Entrepreneurship/ Interior Design/ Game Design & Animation/ UX/UI & Interaction Design)
Basic and Applied Sciences: B.Sc. (Hons.)/ B.Sc. (Hons. with Research) Physics/ Chemistry/ Maths | B.Sc. (Hons.)/ B.Sc. (Hons. with Research) Forensic Science | Integrated/ Dual Degree B.Sc. - M.Sc. (Forensic Science) | M.Sc. Forensic Science
Hotel Management & Catering Technology: Bachelor of Hotel Management and Catering Technology (BHMCT) | B.A. (Hons.) Culinary Arts
Humanities: B.A. (Hons.)/ B.A. (Hons. with Research) (English/ Economics/ Psychology/ Political Science) | B.A. Programme | M.A. Applied Psychology
Agriculture Sciences: B.Sc. (Hons.) Agriculture
Journalism & Mass Communication: B.A./ B.A. (Hons. with Research) (Journalism & Mass Communication) | M.A. (Journalism & Mass Communication)
Doctorate: Ph.D. (All Disciplines)
Enroll Today & Get a Chance to Gain Remarkable International Exposure
100% SPONSORED Study Tour to Europe
Lateral Entry & Migration are Also Available
Transport Facility Available from Delhi-NCR | Separate AC Hostel for Boys and Girls
(Admissions Office Open 7 Days a Week)
8800012936 | 8800012937 | 8800012938 | 8800012939
Apply Now
www.krmangalam.edu.in
Sohna Road, Gurugram, Delhi NCR

## स्कूल में चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन, मांगों पर की चर्चा

जागरण कार्यक्रम में शामिल लोग।

चंदनकियारी | झारखंड ऑफिसर टीचर एंड इंप्लाइज फेडरेशन के तत्वावधान में शनिवार को चंदनकियारी हाई स्कूल में चेतना जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शिक्षक वरुण रजक ने की। उक्त कार्यक्रम में शिक्षकों के 11 सूत्री मांगों पर चर्चा करते हुए एक सितंबर 2024 को रांची चलने का निर्णय लिया गया। मुख्य मांगों में नपीएस की राशि वापस लाने, एमएसीपी हर हाल में 62 साल करने, चाइल्ड एजुकेशन एलाउंस आदि पर चर्चा की गई। मौके पर रवींद्र नाथ महतो, सुभाष दत्ता, मुकेश तिवारी, घनश्याम प्रामाणिक, प्रदीप रजवार, पंकज शर्मा आदि थे।

## सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बोकारो | जीजीपीएस सेक्टर-5बी में नौ-निहालों के सम्मान में अंतर्दृष्टि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के विभिन्न ओलिंपियाड क्षेत्रों में सर्वोत्तम उपलब्धियों के लिए उन्हें अभिभावकों के समक्ष सम्मानित करना था। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय तथा अभिभावकों का आपसी सहयोगात्मक तालमेल का होना आवश्यक बताया। प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती ने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रमाण पत्र तथा पदक देकर सम्मानित किया। जीजीएस अध्यक्ष तरसेम सिंह व सचिव एसपी सिंह ने कहा कि वे हमारे देश के धरोहर हैं और उन्हें पग-पग पर सही दिशा-निर्देश देना विद्यालय की प्राथमिकता है।

# फ्यूजन माइक्रो संस्थान ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित की

भास्कर न्यूज | चंदनकियारी

चंदनकियारी स्थित रविन्द्र भवन में फ्यूजन माइक्रो फाइनांस की ओर से महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान कंपनी के अधिकारी ने बताया कि महिलाओं को बचत करना, सरकारी योजनाओं का लाभ के बारे में बताया गया। महिलाओं को नाट्य रूपांतरण तथा वीडियो के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि आज इस कंपनी के वजह से हजारों महिलाएं स्वावलंबी हो चुकी हैं। आगे और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कंपनी प्रयासरत है। वित्तीय साक्षरता

महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि।

कार्यक्रम में लगभग 300 महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर बेहतर काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वंदना चटर्जी, सुभाष दास, नवीन कुमार सिंह, सुशांत कुमार सिंह, सामंता गौतम, निर्मल, युधिष्ठिर आदि मौजूद रहे।

## टेट पास सहायक अध्यापकों ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष से की मुलाकात

पेटरवार | झारखंड मुक्ति मोर्चा के पेटरवार स्थित प्रधान कार्यालय में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो से टेट पास सहायक अध्यापकों ने मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। अध्यापकों ने राज्य में 20 सालों से कार्यरत पिछड़ा वर्ग के टेट पास सहायक अध्यापकों को वर्तमान सहायक अध्यापक की नियुक्ति में न्याय दिलाने की गुहार लगाई। संबंधित कई तथ्यों का भी उल्लेख पत्र में किया है। अध्यक्ष ने सभी को आश्वस्त किया कि वे इस दिशा में सरकार से बात करेंगें और निष्पादन की पहल करेंगे।

# जैनामोड़ में सावन महोत्सव मनाया गया

भास्कर न्यूज | जैनामोड़

अमेजिंग ग्रेस पब्लिक स्कूल जैनामोड़ में सावन महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। उद्घाटन बेरमो विधायक के निजी सचिव विनोद महतो, समाजसेवी राजेश सिंह, आजसू जिला सचिव नरेन्द्र महतो, एक्साट्रेक पब्लिक पावर एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन, प्राचार्य सह निदेशक राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। निदेशक सह प्राचार्य रंजन ने स्वागत भाषण में सीमित संसाधन में स्कूल के उत्कृष्ट उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा पार्वती व समूह की ओर से शानदार नृत्य प्रस्तुति के साथ किया गया।

सावन महोत्सव में शामिल अतिथि व अन्य।

## लोकनृत्य कंपीटिशन का आयोजन किया

बोकारो | सरदार पटेल पब्लिक स्कूल सेक्टर-9 में कविता पाठ व लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कविता पाठ प्रतियोगिता में एलकेजी के प्रत्युष कुमार ने प्रथम, यूकेजी की प्रियांशी राय ने द्वितीय व एलकेजी की अशिता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

DHANBAD INSTITUTE OF TECHNOLOGY
DIPLOMA IN AICTE APPROVED
• Mining Engg. • Fire Safty
• Mechanical Engg. • BCA
• Civil Engg.
• Computer Sc.
• Electrical Vehicles
• BIO Technology
Special Discount through JCECB Allotted upto 20%
Shakti Nagar Co-Operative Colony Nagnagar, Opp. Srinath Marble, Dhanbad
8877444477
8864008888

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझें
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय रोग विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 | www.asarfihospital.com

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय सिविल जज (वरीय कोटी)- III, बोकारो
Original Suit No. 68 / 2022
मेसर्स बी०सी०सी०एल०, ई०जे० एरिया, भोरा (जी०एम०) .....वादी
बनाम्
झारखंड सरकार, मंगल मांझी एवं अन्य .....प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम्

1. शाम मांझी (प्रतिवादी सं0-6(I)), पिता स्व० वानेसवार मांझी
2. चांदो मांझी (प्रतिवादी सं०-7(I)), पिता- शाम मांझी

सभी साकीम- ग्राम गूँदानिभीठा (चंदनकयारी), पो०+पी०एस०- चंदनकयारी, जिला- बोकारो, झारखंड

इस प्रकाशन के माध्यम से आप सबों को सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध उपरोक्त वाद मे स्वत्व वाद का मुकदमा दायर किया गया है। उपरोक्त वाद मे आप सभी प्रतिवादी हैं। न्यायालय द्वारा नोटिस निर्गत होने के बावजूद आप न्यायालय में उपस्थित नही हो रहे हैं।

अतः आप सबों को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **दिनांक- 14.08.2024 को सुबह 10:30 बजे** स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर उक्त वाद में अपना पक्ष रखें, अन्यथा आप सबों की अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय की जाएगी।

ह०/- सिविल जज (वरीय कोटी)-III
सिविल कोर्ट, बोकारो

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से जोड़ों का उपचार
सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये जोड़ के रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार देहली हॉस्पिटल ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-
इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।
सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, फ्रैक्चर, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।
किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
ओस्टियो आर्थराइटिस, रूमेटॉयड आर्थराइटिस, ऑटोइन्यून आर्थराइटिस, एंकायलोसिस, रिडक्शन ऑफ टिबियो फेमोरल ज्वाइंट स्पेस, कोंड्रल लॉस (कार्टिलेज डैमेज), डिजनरेशन ऑफ मेनिस्कस अथवा लिगामेंट, ज्वाइंट एफ्यूजन, साइनोवाइटिस, बेकर सिस्ट।
किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।
एक जोड़ (घुटना, कंधा या कूल्हा) के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
ज्वाइंट रिप्लेसमेंट (जोड़ प्रत्यारोपण) सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं

यह उपचार मात्र 16,000 तक में हो जाता है।
कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।
इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
लगभग 95%।
इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है, क्योंकि इसमें जोड़ की सतह पर काम किया जाता है।
क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ एवं रिस्क फ्री प्रोसीजर है, जो एक विशेष मशीन की निगरानी में किया जाता है।
ATUL
देहली हॉस्पीटल
पावर हाउस के सामने, बारादरी चौराहा, ग्वालियर (म.प्र.)
समय : दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक, दिन : प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार
सम्पर्क : 8602332515 व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें

lite Horlicks
रहो ऐक्टिव दिन भर
अब ₹२९४^ में
SUPER SAVER PACK
NO ADDED SUGAR*
NUTRIENTS* KNOWN TO PROTECT FROM OXIDATIVE STRESS DAMAGE
6 ANTIOXIDANTS NUTRIENTS*
HIGH PROTEIN
ZERO CHOLESTEROL
Nourishment For Active Adults
REGULAR MALT FLAVOUR
CEREAL BASED BEVERAGE
४५०^ ग्राम
*शुगर का अर्थ है सुक्रोस। 'इसमें है कुदरती रूप से उभरने वाले शुगर्स'। स्रोत-हंटर एसआर। हैंडबुक ऑफ ईटिंग एंड ड्रिंकिंग। स्प्रिंगर, चार्म. (2019):पेज 659-678 लाइट हॉर्लिक्स एक पौष्टिक पेय है जिसे दैनिक आहार और व्यायाम योजना के हिस्से के रूप में लिया जाना चाहिए। सेवन का सुझाव दिन में दो बार ^450 ग्राम हॉर्लिक्स लाइट जार के एमआरपी की तुलना में।
इसमें एसेसल्फेम पोटैशियम है। बच्चों, गर्भवती या दुग्ध संचय करने वाली महिलाओं के लिए सिफारिश नहीं की जाती है।
इसमें नॉन-कैलरिक स्वीटेनर है।

शादी.कॉम में जरूर आना
३० दिन की गारंटी का है जमाना
७० लाख+ सफल कहानियों के साथ जोड़ें अपनी कहानी
हमारी गारंटी
३० दिन में एक मनपसंद प्रोफाइल से शादी.कॉम पर मैच ना हो तो 100% रिफंड*
झारखंड का नंबर १ शादी ऐप
आपके समाज से लाखों जांचे हुए प्रोफाइल
लाखों जोड़ियों की सफल कहानियाँ
मिलिए I.T. प्रोफेशनल, डॉक्टर, IAS, और IPS से
अभी ऐप डाउनलोड करें!
Google Play App Store
shaadi.com
हमारी खास VIP सेवा के लिए साइन अप करें www.VIPShaadi.com पे आज का विशेष ऑफर, VIP मेम्बरशिप केवल ₹39,999/- में
*Conditions apply.